डाट्सुन इंडिया ने लॉन्च की आकर्शक और स्टाइलिष नई गो तथा गो.



नई दिल्ली, डाट्सुन इंडिया ने आज प्रभावषाली, युवा, प्रगतिषील और गतिषील भारतीय ग्राहकों के लिए बहुप्रतीक्षित डाट्सुन गो और डाट्सुन गो. लॉन्च कर दी। गो की षुरूआती कीमत 3.29 लाख और गो.की कीमत ?3.83 लाख है। ये पेषकष नए ग्राहकों के लिए कई आधुनिक खूबियों के साथ आयी हैं और डिजाइन के लिहाज से भी आकर्शक हैं। नए मालिकों को डिलीवरी देषभर में निसान और डाट्सुन की सभी डीलरषिप पर आज से ही षुरू हो जाएगी। थॉमस कुहेल, प्रेसीडेंट, निसान इंडिया ऑपरेषंस ने कहा, ''नई डाट्सुन गो और गो. नए जमाने के भारतीय उपभोक्ताओं के लिए तैयार की गई है, उन युवाओं के लिए जो परिपक्व, स्मार्ट, प्रगतिषील और सजग मानसिकता के साथ परिवार के साथ रहने वाले हैं। जापानी इंजीनियरिंग के दम पर डाट्सुन गो और गो.बेहतरीन खूबियों से युक्त हैं और इसे और अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्टाइलिष अनुभव देने के लिए अपग्रेड किया गया है।''

नए जमाने के लिए उपयुक्त पैकेज के तौर पर पेष की गई गाड़ियां श्रेणी के लिहाज से अग्रणी जापानी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल से तैयार की गई हैं जिससे वे मजेदार और मजबूत ड्राइविंग, ईंधन दक्षता, भरपूर जगह और सुरक्षा मुहैया करा सकें। नई डाट्सुन गो और गो.राइड कंट्रोल एडवांस्ड सस्पेंषन सिस्टम और रेस इंस्पायर्ड 1.2 लीटर एचआर12 डीई पेट्रोल इंजन के साथ आता है जो 19.83 किमी प्रति लीटर का माइलेज देता है। (7-4)

महिंद्रा ने खुदरा खरीदारों के लिए लाई लीजिंग की सुविधा, स्वामित्व का अनूठा अनुभव

मुंबई, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा लिमिटेड (एमऐंडएम लिमिटेड), जो 20.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाले महिंद्रा समूह का अंग है, ने खुदरा खरीदारों के लिए लीजिंग की सुविधा लाये जाने की आज घोषणा की। यह पेशकश महिंद्रा के व्यक्तिगत वाहनों की रेंज के लिए अनूठा स्वामित्व अनुभव प्रदान करने वाला है। महिंद्रा द्वारा ग्राहकों के लिए खरीदारी के विकल्पों को बढ़ाया जायेगा और इन वाहनों के स्वामित्व अनुभव को अधिक सस्ता एवं सुविधाजनक बनाया जायेगा। इस पेशकश को अत्याकर्षक मासिक लीज रेंटल पर डिजाइन किया गया है, जो KUV100NXT के लिए 13,499 रु. प्रति माह और XUV500 के लिए 32,999 रु. प्रति माह से शुरू है। इस लीजिंग से ग्राहकों को कई तरह के लाभ मिलेंगे, जैसे-संपूर्ण सुविधा, कम या शून्य डाउनपेमेंट, वाहन के रीसेल वैल्यू पर शून्य जोखिम और मेंटनेंस लागत सहित तय ईएमआई। इसका परिणाम है कि लीजिंग को बाजार में जोरों से अपनाया जा रहा है और यह वास्तव में कार खरीदने की तुलना में काफी सुविधाप्रद भी है। इसके लिए शुरू में कोई भी डाउनपेमेंट नहीं करना होता है। ग्राहक अपने मॉडल्स को अपग्रेड भी कर सकते हैं। लीज की योजना खत्म हो जाने के बाद, ग्राहक अपने वाहन की फिर से बिक्री करने की चिंता के बिना इसे कंपनी को वापस कर सकते हैं, और फिर से कोई नया वाहन ले सकते हैं।(1)

लैंक्सेस द्वारा नागदा में 1.40 करोड़ रू. की सीएसआर पहलें

अग्रणी स्पेशियल्टी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने नागदा शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में स्थायी वातावरण विकसित करने की दिशा में एक अन्य बड़ा कदम उठाकर केमिकल उद्योग में एक मापदंड स्थापित किया है। कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के तौर पर तीन परियोजनाओं को हाथ में लेते हुए लैंक्सेस इंडिया ने एक सांस्कृतिक और मनोरंजन केन्द्र, एक डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण और नागदा के सरकारी अस्पताल को एक अन्य डायलीसिस मशीन दान करने का वचन दिया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से लैंक्सेस इंडिया नागदा में वर्ष 2018-19 के लिये अपने सीएसआर के हिस्से के तौर पर 1.40 करोड़ रू. का व्यय करेगा। वर्ष 2018 के लिये सीएसआर गतिविधियों की घोषणा नागदा के कम्युनिटी हॉल में आयोजित एक आयोजन में की गई, जहाँ नगरपालिका अध्यक्ष श्री अशोक मालवीय, खाचरौद-नागदा के विधायक श्री दिलीप सिंह शेखावत, लैंक्सेस इंडिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री नीलांजन बेनर्जी, साइट हेड-नागदा, लैंक्सेस इंडिया श्री संजय सिंह और राज्य तथा स्थानीय प्रशासन के अन्य महानुभाव उपस्थित थे।

यह परियोजनाएं स्थायी विकास और नागदा क्षेत्र के लोगों के लिये जीवन की बेहतर गुणवत्ता के लैंक्सेस के दृष्टिकोण के अनुसार हैं। (1-7)

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, एच-47, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया।
फोन-26568477, 26409779.
E : alpaviram1@yahoo.com

कॉलेज नहीं रख सकेंगे अपने पास ऑरिजिनल सर्टिफिकेट

नई दिल्ली, ऐडमिशन के वक्त अब कॉलेज अपने पास किसी आवेदक के ऑरिजनल सर्टिफिकेट नहीं रख सकेंगे। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पास इस तरह की कई शिकायतें आई थीं जिसके बाद यह फैसला किया गया। साथ ही नियम के मुताबिक ऐडमिशन रद्द करने पर अगर कॉलेज फीस नहीं लौटाएंगे तो उन पर दंड भी लगाया जा सकता है। मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि यूजीसी ने यह नियम बनाया है कि कोई भी शैक्षणिक संस्थान स्टूडेंट्स के सेल्फ एटेस्टेट सर्टिफिकेट ही लेंगे, कॉलेज ऑरिजिनल डॉक्यूमेंट को देखकर वेरिफाई कर सकते हैं लेकिन वेरिफाई कर उन्हें ऑरिजिनल डॉक्यूमेंट वापस कर देंगे। जब दाखिला मिल जाएगा तब वह माइग्रेशन सर्टिफिकेट अपने पास रखेंगे।

जावड़ेकर ने कहा कि दूसरी दिक्कत यह आ रही थी कि अगर स्टूडेंट्स को एक कॉलेज से ऐडमिशन कैंसल करा कर दूसरी जगह ऐडमिशन लेना है तो पहले कॉलेज वाले फीस वापस नहीं करते थे। पर अब इसे लेकर भी नियम बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर ऐडमिशन क्लोज होने से कम से कम १६ दिन पहले कोई एडमिशन कैंसल कराएगा तो १०० फीसदी फीस वापस मिलेगी। अगर १६ दिन के भीतर बताएंगे तो ९० पर्सेंट वापस मिलेंगे। ऐडमिशन क्लोज होने के बाद एक महीने के भीतर कैंसल करने पर भी ५० फीसदी पैसा वापस मिलेगा। इसका पालन न होने पर कॉलेज या संस्था पर दंड भी लगाया जाएगा।

गिरते रुपये को थामने को मोदी सरकार बना रही है 'प्रवासी' प्लान

नई दिल्ली, गिरते रुपये को थामने के लिए केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार प्रवासी भारतीयों पर टकटकी लगाई हुई है। सूत्रों की मानें तो सरकार विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए ऐसी योजना बना रही है जिससे देश में डॉलर की आवक बढ़ सके। सरकार जल्द ही इस बारे में कोई घोषणा कर सकती है। इस मामले से जुड़े सूत्र ने नाम नहीं बताने की शर्त पर ब्लूमबर्ग को बताया कि वित्त मंत्रालय और आरबीआई के अधिकारी प्रवासी भारतीयों से पैसे उगाहने की योजना पर विचार कर रहे हैं। सूत्र ने इस योजना के बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार करते हुए बताया कि इसी महीने कभी योजना की घोषणा हो सकती है। बता दें कि इस साल डॉलर के मुकाबले रुपया करीब १४ फीसदी तक टूट गया है। भारत रुपये की मजबूती के लिए तमाम कदम उठा रहा है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने भी रुपये के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। इसके अलावा अमेरिका तथा चीन में ट्रेड वॉर ने मुसीबत और बढ़ाई है। मंगलवार को रुपया ०.४ प्रतिशत गिरकर रेकॉर्ड ७४.३९ के स्तर पर पहुंच गया था। गौरतलब है कि पहले भी सरकार ने बॉन्ड बिक्री और डॉलर डिपॉजिट के जरिए विदेशी फंड को आकर्षित किया था और रुपये की गिरावट को थामा था। २०१३ में आरबीआई ने फॉरेन नोन-रेजिडेंट बैंक डिपॉजिट प्लान को लाकर गिरते रुपये को थामने की कोशिश की थी।

विदेशी निवेशकों ने इस साल भारतीय बाजार से करीब ११ अरब डॉलर के निवेश स्टॉक और बॉन्ड से निकाल चुके हैं। सरकार ने गिरते रुपये को थामने के लिए इंपोर्ट टैरिफ बढ़ा दिया है जबकि आरबीआई ने कंपनियों को विदेशी डॉलर लाने की इजाजत दे दी है। इसके लिए आरबीआई ने विदेशी निवेश के नियमों को भी आसान किया है। तेल की बढ़ती कीमतों के कारण भारत का चालू खाता घाटा (कैड) मार्च तक बढ़कर ७५ अरब डॉलर हो गया है। यह वित्त वर्ष २०१३ के बाद सबसे ज्यादा है।

प्रॉक्टर एंड गैम्बबल भारत में इनोवेटिव सॉल्यूशन्सक के लिये मल्टी -मिलियन-डॉलर फंड के लिये प्रतिबद्ध

मुंबई, प्रॉक्टडर एंड गैम्बमल (पीएण्डजी) इंडिया ने आज घोषणा की है कि इसने एक मल्टी -मिलियन-डॉलर के इनोवेशन सोर्सिंग फंड की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य2 कंपनी के लिये डिस्त्र प्टिव एवं इनोवेटिव बिजनेस सॉल्यूनशन्सं पर एक्सीटर्नल पार्टनर्स के साथ सहयोग करना है। इस निवेश घोषणा के साथ पीएण्डजी ने आज %वीग्रो% को लॉन्चन किया है। यह भारत में पहला प्रोग्राम है, जो स्टातर्ट-अप्सा, छोटे व्याीवसायों, व्यपक्तिगत या बड़े संगठनों को पहचानने और उसके साथ सहयोग करने पर फोकस करता है और इसके द्वारा खोजपरक उद्योग अग्रणी समाधानों की पेशकश की जा रही है। प्रोग्राम को लॉन्चक किये जाने के अवसर पर पीएण्डजी द्वारा मुंबई में 10-11 अक्टूबर तक वीग्रो एक्सगटर्नल बिजनेस पार्टनर समिट का आयोजन किया जा रहा है। यह आपूर्तिकर्ताओं को एक मंच उपलब्धर करायेगा, ताकि वे पीएण्डजी की लीडरशिप टीम तक अपने समाधान पहुंचा पायें। विभिन्नग क्षेत्रों जैसे कि एजाइल सप्ला ई चेन सॉल्यूाशन्सा, रॉ मैटेरियल इनोवेशन्स, ग्राहकों के लिये उत्कृष्टि ब्रांड और मार्केटिंग समाधान, पैकेजिंग पर इनोवेशन, प्रोडक्टिविटी आइडियाज इत्यायदि में खोजपरक बिजनेस आइडियाज पर फोकस किया जायेगा। (22-1)

बइंडसइंड बैंक ने 'इंडसइंड बैंक ड्युओ कार्ड' लॉन्च किया

मुंबई, इंडसइंड बैंक ने आज इंडसइंड बैंक ड्युओ कार्ड लॉन्च किया। यह भारत का पहला पहला 2 ईएमवी चिप डेबिट-सह-क्रेडिट कार्ड है। इस टू-इन-वन ड्युओ कार्ड में दो चुंबकीय पट्टियां और 2 ईएमवी चिप्स लगे हुए हैं। इस एक प्लास्टिक कार्ड की मदद से भारतीय ग्राहक डेबिट और क्रेडिट कार्ड दोनों के लाभ एकसमान रूप से ले सकते हैं। दोनों कार्ड्स द्वारा प्रदान किये जाने वाले कई लाभों के साथ, ये कार्ड्स काफी सुविधाजनक हैं। इस कार्ड के आ जाने से ग्राहकों को अब दो-दो कार्ड लेकर चलने की जरूरत नहीं रह जायेगी और वे इस ड्युओ कार्ड से अपनी सभी वित्तीय आवश्यकताएं पूरी कर सकते हैं। इस कार्ड को तैयार करने में एनाग्राम तकनीक का उपयोग किया गया है ताकि इस ड्युओ कार्ड की विशिष्टताओं को बढ़ाया जा सके। इंडसइंड बैंक ड्युओ कार्ड में युवा और अधिक सफर में रहने वाले ग्राहकों के लिए अनूठी सुविधाएं भरी पड़ी हैं और इसमें मनोरंजन, यात्रा और जीवनशैली से जुड़े ऑफर्स भी शामिल हैं। यह खाते के लिए सिंगल स्टेटमेंट प्रदान कर ग्राहक के जीवन को आसान बनाता है और रिवार्ड्स प्वॉइंट्स के समेकन को सक्षम बनाकर रिवार्ड्स प्रोग्राम की शक्ति को बढ़ाता है।

इस लॉन्च के मौके पर, इंडसइंड बैंक के हेड - कंज्यूमर बैंकिंग, सुमंत कठपालिया ने कहा, ''हमारा लक्ष्य हमेशा से ही बैंकिंग को आसान बनाना और अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। ड्युओ कार्ड्स जैसे इनोवेशंस ग्राहकों की जिंदगी को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम जमीनी स्तर पर यह समझने की कोशिश करते हैं कि हमारे युवा एवं महत्वाकांक्षी ग्राहक कुछ ऐसी अनूठी चीजें चाहते हैं, जिनसे वो दूसरों से अलग दिखें। इंडसइंड बैंक ड्युओ कार्ड का उद्देश्य ग्राहकों को आसान एवं आनंदायक अनुभव प्रदान करना है और उन्हें एक ही प्लास्टिक कार्ड में डेबिट व क्रेडिट कार्ड के सर्वोत्तम ऑफर्स उपलब्ध कराने हैं। एक ही कार्ड में दोहरी फंक्शनैलिटी और विस्तृत रेंज के ऑफर्स एवं सुविधाएं निश्चित तौर पर हमारे ग्राहकों को पसंद आएंगी। ग्राहकों को हमारी सलाह है कि रुझ्ममचप्ज्ैपदहसम और नवाचार का सर्वोत्तम आनंद लें। (1)

नवरात्रि त्यौहार की परंपरागत तरीके से शुरूआत हो गई। जीएमडीसी ग्राउन्ड में गरबा का क्रेज देखने को मिला।

विघटनकारी तत्वों को परास्त कर समरस समाज का निर्माण करें- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने नवरात्रि को शक्ति उपासना का पर्व करार देते हुए कहा कि शक्ति की भक्ति हम सभी में ऐसी ऊर्जा संचित करे कि समाज को तोड़ने का इरादा रखने वाले विघटनकारी तत्वों को परास्त कर हम समरस एवं समृद्ध समाज का निर्माण करें। बुधवार को अहमदाबाद में वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव-2018 के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने अभिलाषा जताई कि शक्ति की उपासना का यह पर्व सभी को राष्ट्रभक्ति से मां भारती को जगतगुरु बनाने तथा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संकल्प साकार करने का पर्व बने।

उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल, गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस. सुभाष रेड्डी सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य एवं विभिन्न देशों के राजदूत इस अवसर पर मौजूद थे।

श्री रूपाणी ने कहा कि नवरात्रि और पतंग उत्सव समूचे विश्व में गुजरात की ब्रांड इमेज बन गए हैं। इन उत्सवों को जनशक्ति के सहयोग से मनाने की

अनोखी परंपरा हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू की थी।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि का उत्सव पर्यटन गतिविधियों को गति प्रदान करने वाला पर्व है। गुजरात में गांव-शहर, गली-मोहल्लों सभी स्थानों पर जात-पात और धर्म के भेदभाव के बिना बच्चे-बुजुर्ग सभी नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान उत्साह के साथ गरबा, रास डांडिया और प्राचीन-अर्वाचीन गरबा नृत्य में शामिल होते हैं और यही समरसता और एकता का संदेश देता है।

मुख्यमंत्री ने सेप्ट और गुजरात टूरिज्म के सहयोग से तैयार वर्नाक्युलर फर्निचर ऑफ गुजरात पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत एक्जीबिशन सेंटर का भी उद्घाटन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल ने कहा कि छोटे मोहल्ले से लेकर बड़े शहरों तक सैकड़ों वर्षों से नवरात्रि महोत्सव मनाया जाता है।

श्री पटेल ने कहा कि हजारों वर्ष पुरानी इस परंपरा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाता है। गुजरात का गरबा दुनिया भर में प्रसिद्ध है।

पर्यटन मंत्री गणपतभाई वसावा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि गुजरात में उत्सव समाज जीवन के साथ जुड़े हैं। हिन्दू धर्म में शक्ति पूजा का विशेष महत्व है। अनुष्ठान और पूजा के माध्यम से शक्ति की आराधना का त्यौहार है नवरात्रि।

नवरात्रि का आयोजन हेरिटेज थीम के आधार पर किया गया है। छत्तीसगढ़ के 50 कलाकार भी नवरात्रि में शामिल हुए हैं।

पर्यटन मंत्री गणपतसिंह वसावा और खेलकूद, युवा एवं सांस्कृतिक मामलों के राज्य मंत्री ईश्वरसिंह पटेल ने आनंद नगरी-बाल नगरी, स्टेचू ऑफ यूनिटी के थीम पैवेलियनों का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर गुजरात के उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति, मंत्रिमंडल के सदस्य कौशिकभाई पटेल, भूपेन्द्रसिंह चूड़ास्मा, सौरभभाई पटेल, सांसद डॉ. किरीटभाई सोलंकी, अहमदाबाद के विधायक, पर्यटन निगम के चेयरमैन कमलेशभाई पटेल, विभिन्न देशों के राजदूत, 40 देशों से आए विशिष्ट अतिथि, मुख्य सचिव डॉ. जेएन सिंह, पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी तादाद में नगरजन उपस्थित थे।

अवैध कॉल सेन्टर पकड़े जाने का सिलसिला जारी

वटवा क्षेत्र से कॉल सेन्टर पकड़ा गया : छह गिरफ्तार

अहमदाबाद, विदेशी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले इन्टरनैशनल कॉल सेन्टर को बंद कराने के लिए पुलिस द्वारा शहर में अक्सर छापेमारी कर कार्रवाई की जाती है लेकिन इसके बावजूद भी अभी भी शहर में अवैध कॉल सेन्टर पकड़े जाने का सिलसिला जारी रहा है।

पुलिस केस से बचने के लिए अब चोरों ने शहर के कोने-कोने पर छोटे - छोटे कॉल सेन्टर शुरू कर दिया है। ऐसा ही एक कॉल सेन्टर गत दिन देर रात को वटवा क्षेत्र में स्थित एक मकान में से पुलिस ने पकड़ लिया और यह अपराध में छह आरोपियों को गिरफ्तार करके आगे की जांच शुरू कर दी है। अवैध कॉल सेन्टर चलाते छह युवक अमेरिकन नागरिकों को लोन देने की लालच देकर अलग-अलग वेरिफिकेशन फीस, लोन एग्रीमेन्ट फीस सहित की कई लालच देकर रुपये वसूल किए जाते थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से छह लेपटोप, छह मोबाइल, छह राउटर और छह मेजिक सहित का मालसामान जब्त किया गया है और पूरे मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। वटवा पुलिस को जानकारी मिली है कि, वटवा क्षेत्र में स्थित कुतूबनगर में विदेशी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने का इन्टरनैशनल कॉल सेन्टर चल रहा है।

मिली जानकारी के आधार पर वटवा पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर सहित डी स्टाफ की टीम देर रात घटना स्थल पर पहुंचकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार किया और लेपटोप और मेजिक जेक सहित का मालसामान जब्त किया गया। पुलिस ने सभी युवकों के विरूद्ध में धोखाधड़ी सहित की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि, पिछले कई समय से शहर के पूर्व क्षेत्र में इन्टरनैशनल कॉल सेन्टर चल रहा है। कुछ समय पहले डीसीपी स्कवोर्ड ने निकोल क्षेत्र में दिव्य जीवन स्मार्ट्स होम्स के मकान नंबर ए-१०५ में विदेशी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने का इन्टरनैशनल कॉल सेन्टर पकड़ा गया।